# नौएडा एस ई जेड के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30.03.2022 को होनेवाली बैठक की कार्यसूची

**मद सं0** 1. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई की समीक्षा।
**मद सं0** 2.जुलाई-सितम्बर और अक्टूबर से दिसम्बर, 2021 तिमाही में कार्यालय के कामकाज में राजभाषाा के प्रयोग में प्रगति की समीक्षा।
**मद सं0** 3. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय।

<u>मद सं0 1 और 2 पर कार्रवाई रिपोर्टः</u> कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 01.10.2021 को आयोजित की गई थी। बैठक में अन्य बातों के साथ यह निर्णय लिया गया था किः

(क) सभी अधिकारीगण अपने-अपने अनुभागों में नोटिंग में हिन्दी नोटिंग बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे
(ख) अपने - अपने अनुभागो से धारा 3(3) के अन्तर्गत पत्रादि द्विभाषी जारी करेंगे।

पताका पर संलग्न जुलाई-सितम्बर और अक्टूबर से दिसम्बर, 2021 तिमाही का सभी अनुभागों से प्राप्त हिन्दी तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा में देखा जा सकता है कि फाइलों में हिन्दी नोटिंग के कार्य में सीमाशुल्क, सम्पदा ओर एस ई जेड अनुभाग में उल्लेखनीय बढोत्तरी की है। तीनों अनुभाग इसके लिए सराहना योग्य है। प्रशासन ओर इ ओ यू अनुभाग में मूल हिन्दी नोटिंग में मामूली कमी आई है।

जहॉ तक अनुभागों से भेजे गए पत्राचार में हिन्दी पत्रों के प्रतिशत का संबंध है एस ई जेड अनुभाग को छोड़कर सभी अनुभागों ने वार्षिक राजभाषा लक्ष्य, 2021-22 को ध्यान में रखते हुए अच्छा प्रयास किया है।

<u>मद सं.0 3 पर कार्रवाई रिपोर्टः</u> समिति के सदस्यगण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अपने-अपने अनुभागों में हिन्दी के प्रयोग में आ रही कठिनाईयों और/अथवा उसमें प्रगति के लिए किए जाने वाले उपायों पर विचार रख सकते है।